C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER


RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 58 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 13 अगस्त 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## अजमेर में भाजपा नेता की संदिग्ध मौत, परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर धरना दिया

भीलवाड़ा फोकस @ अजमेर





जिले के श्रीनगर थाना क्षेत्र के नौलखा गांव में सोमवार रात भाजपा नेता का शव सड़क किनारे मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव को जेएलएन हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों और ग्रामीणों ने हत्या का आरोप लगाते हुए अस्पताल की मॉर्च्युरी के बाहर धरना दिया और शव लेने से इनकार कर दिया।

श्रीनगर थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि बुबानी गांव निवासी गंगाराम रावत (50) पुत्र नारसिंह रावत सोमवार शाम श्रीनगर पेमेंट लेने के लिए घर से निकले थे। रात करीब 10 बजे बेटे हंसराज के फोन पर एक अनजान व्यक्ति ने कॉल उठाकर जानकारी दी कि ग्राम नौलखा में एक शव पड़ा है। जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना देकर उन्हें अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू करवाई और एफएसएल टीम से घटनास्थल पर साक्ष्य जुटवाए।

मृतक के भाई सेतु सिंह ने बताया कि 28 जुलाई को गांव में कावड़ यात्रा के दौरान डीजे बजाने को लेकर विवाद हुआ था। ग्राम पंचायत के निर्णय अनुसार डीजे पर रोक थी, जिसकी जानकारी पुलिस को भी दी गई थी। उस दिन विवाद के दौरान कुछ युवकों ने गंगाराम को देख लेने की धमकी दी थी। सेतु का आरोप है कि उन्हीं युवकों ने हत्या की साजिश रची।

घटना के बाद ग्रामीणों एवं परिजनों ने नामजद आरोपियों पर कार्रवाई और गिरफ्तारी नहीं होने तक जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने तक शव का अंतिम संस्कार नहीं करने की चेतावनी दी है। इस दौरान अस्पताल की मोर्चरी के बाहर सैकड़ो ग्रामवासी एवं परिजन मौजूद है।

## 7 साल से फरार 5 हजार का ईनामी आरोपी उदयपुर से दबोचा, 70 लाख की ठगी में था वांछित



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

प्रतापनगर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी और चिटफंड के मामले में 7 साल से फरार 5 हज़ार रुपये के ईनामी शातिर अपराधी को मुंबई से गिरफ्तार किया। आरोपी पर 2018 में 70 लाख रुपये की ठगी का आरोप है। पुलिस द्वारा कार्रवाई थाना प्रभारी सुरजीत ठोलिया के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने बताया है की 7 जून 2018 को ईश्वरराम चौधरी ने रिपोर्ट दी थी कि नरपत मेवाड़ा और उसके साथियों ने बीटीसी वर्ल्ड ट्रेड नाम से कंपनी बनाकर बिटकाइन से डॉलर में रूपांतरण के ऑनलाइन बिजनेस में अधिक लाभ का झांसा दिया। विश्वास में लेकर पीड़ित को कंपनी में सदस्य बनाया और स्वयं तथा साथियों नरेश मेवाड़ा व राजेश जायसवाल के खातों में निवेश के नाम पर कुल 70 लाख रुपये ले लिए। बाद में आरोपी रकम हड़पकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले में धोखाधड़ी और चिटफंड की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। जिसके बाद टीम को तकनीकी साक्ष्यों और गोपनीय सूचनाओं की मदद से आरोपी नारायण लाल उम्र 31 वर्ष निवासी कलालों की आंती, थाना देवगढ़, जिला राजसमंद का मुंबई में पता लगा। जिसपर युवक का पीछा करते हुए उसे उदयपुर में डिटेन कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में विस्तृत अनुसंधान जारी है।

## कॉमन करैत के जहर ने छीनी तीन जिंदगियां, झाड़-फूंक में गुज़रे कीमती घंटे

भीलवाड़ा फोकस @ बारा





शाहाबाद के केलवाड़ा थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह सोते समय कॉमन करैत सांप के डसने से मां और उसके दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। परिजन उन्हें झाड़-फूंक कराने के लिए ले गए, जिससे इलाज में देरी हुई और तीनों ने दम तोड़ दिया। यह घटना महोदरा गांव की है।

पुलिस के अनुसार, मृतका पिंकी (30) पत्नी ब्रजेश निवासी शिवपुरी मध्य प्रदेश अपने बेटे प्रिंस (7) और बेटी नेहा (5) के साथ पीहर आई हुई थी। सोमवार रात खाना खाने के बाद सभी अपने-अपने कमरे में सो गए। सुबह करीब 5 बजे पिंकी और उसके दोनों बच्चे चिल्लाने लगे। परिजन दौड़े तो तीनों के मुंह से झाग निकल रहा था और सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। कमरे में कॉमन करैत सांप दिखाई दिया, जिसे परिजनों ने लाठी से मार दिया। ग्रामीणों के मुताबिक, सांप के डसने के बाद परिजन तीनों को सिरसौद स्थित एक स्थान पर झाड़-फूंक के लिए ले गए। इलाज में करीब पांच घंटे की देरी होने से हालत बिगड़ गई और जब तक उन्हें अस्पताल लाया गया, तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी। स्नेक कैचर जसवंत ने बताया कि कॉमन करैत सांप दिन में शांत रहता है और रात को शिकार की तलाश में सक्रिय हो जाता है। इसका जहर कोबरा से करीब चार गुना ज्यादा घातक माना जाता है और यह भारत के सबसे खतरनाक सांपों में पहले नंबर पर रखा जाता है।

## जन्मदिन कार्यक्रम में भीड़ जुटाकर कानून तोड़ा, हिस्ट्रीशीटर गोपाल गुर्जर सहित तीन गिरफ्तार, कोर्ट से जेल तक पैदल परेड



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

पांसल स्थित देवनारायण मंदिर परिसर में बिना अनुमति आयोजित जन्मदिन समारोह के मामले में मांडल थाना के कुख्यात हिस्ट्रीशीटर गोपाल गुर्जर को पुलिस ने मंगलवार को दो साथियों सहित गिरफ्तार किया। गोपाल पर हत्या के प्रयास, लूट, आर्म्स एक्ट और राजकार्य में बाधा जैसे 9 मामले दर्ज हैं। कोर्ट में पेशी के बाद तीनों आरोपियों को जेल भेजा गया, जहां तक पुलिस ने पैदल परेड कराकर आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय का संदेश दिया।

पुलिस ने बताया कि 17 जुलाई को सूचना मिली थी कि गोपाल गुर्जर अपने जन्मदिन पर एनएच-48 के पास सार्वजनिक स्थल पर बड़ा कार्यक्रम कर रहा है। इसमें विभिन्न जिलों से गैंग के सदस्य, संदिग्ध गतिविधियों में शामिल और आपराधिक पृष्ठभूमि के लोग बुलाए गए थे। मौके पर पहुंची पुर थाना पुलिस ने पाया कि हाईवे पर करीब 700-800 लोगों की भीड़ और स्थल पर 10-12 हजार लोगों का जमावड़ा था। तेज आवाज में डीजे देर रात तक बज रहा था, जिससे मुख्य सड़क पर जाम लग गया। पुलिस की समझाइश के बावजूद आयोजन जारी रहा।

इस पर पुलिस ने मौके से बिना नंबर की 10 से अधिक चारपहिया और 12 दोपहिया गाड़ियां जब्त कीं और मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटना के बाद से आरोपी फरार हो गए थे। मंगलवार को पुलिस टीम ने गोपाल गुर्जर, हरफूल गाडरी और डीजे संचालक राजेंद्र प्रजापत को दबोच लिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## आधुनिक युग में तकनीकी शिक्षा, ज्ञान, भाषा व संस्कार की अहम भूमिका - विधानसभा अध्यक्ष

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा





विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि आधुनिक युग में तकनीकी शिक्षा, भाषा, ज्ञान और संस्कार जीवन निर्माण की बुनियाद हैं। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है और जो विद्यार्थी समय का महत्व समझता है, वही अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है।

वे मंगलवार को माणिक्य लाल वर्मा महाविद्यालय के अमृत महोत्सव उद्घाटन समारोह एवं विधायक निधि से निर्मित संगणक कक्ष व स्मार्ट कक्षा-कक्षों के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने स्थानीय विधायक अशोक कोठारी की ओर से जारी 15 लाख रुपये की राशि से बने इन कक्षों का अवलोकन करते हुए कहा कि स्मार्ट कक्षाएं और संगणक प्रयोगशाला आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षा में अहम भूमिका निभाएंगी।

देवनानी ने पाँच 'डी' – मर्यादा (डेकोरम), अनुशासन (डिसिप्लिन), दृढ़ निश्चय (डिटरमिनेशन), समर्पण (डेवोशन), विकास (डेवलपमेंट) के माध्यम से जीवन मूल्यों का महत्व समझाया और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर जोर देते हुए विदेशी उत्पादों से परहेज करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विधायक अशोक कोठारी ने कहा कि विधायक निधि की राशि का अधिकतम उपयोग जनकल्याणकारी कार्यों में किया जाएगा। स्वागत प्राचार्य संतोष आनंद और संयोजक कश्मीर भट्ट ने किया।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, महापौर राकेश पाठक, उप जिला प्रमुख शंकर गुर्जर सहित अनेक जनप्रतिनिधि, महाविद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं, एनसीसी व स्काउट-गाइड कैडेट मौजूद रहे।

C M Y K

## भीलवाड़ा की हमीरगढ़ हवाईपट्टी से उड़ान सेवा शुरू करने की मांग, सांसद ने लोकसभा में उठाया मुद्दा



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**पेसवानी** । सांसद दामोदर अग्रवाल ने लोकसभा के मानसून सत्र में नियम 377 के तहत हमीरगढ़ हवाईपट्टी से क्षेत्रीय उड़ान योजना के अंतर्गत हवाई सेवाएं शुरू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि हवाईपट्टी को पहले से ही सरकार की ÷असेवित हवाईपट्टियों÷ की सूची में शामिल किया गया है, लेकिन अब तक किसी एयरलाइन को मार्ग आवंटित नहीं हुआ है। अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2019 में उड़ान 4.0 योजना के दौरान बोलियां आई थीं, लेकिन कोविड-19 के कारण प्रक्रिया अधूरी रह गई। प्रवक्ता विनोद झूरानी ने कहा कि भीलवाड़ा एक प्रमुख औद्योगिक और वस्त्र नगरी है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में व्यापारी और पर्यटक आते हैं। हवाई सेवा न होने के कारण यात्रियों को उदयपुर 135 किमी या जयपुर 250 किमी एयरपोर्ट जाना पड़ता है, जिससे समय और धन की बर्बादी होती है। सांसद ने केंद्र से आग्रह किया कि हमीरगढ़ हवाईपट्टी को शीघ्र विकसित कर दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद जैसे प्रमुख शहरों के लिए नियमित उड़ानें शुरू की जाएं, जिससे उद्योग, पर्यटन, निवेश और रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो।

# शाहपुरा में गूंजा देशभक्ति का स्वर, अमर शहीद हेमू कालानी स्मारक का लोकार्पण





भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**(पेसवानी)** – नगर मंगलवार को देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया, जब स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी और देश के सबसे कम उम्र के शहीदों में शामिल हेमू कालानी की स्मृति में भव्य स्मारक और प्रतिमा का लोकार्पण हुआ। नगर पालिका शाहपुरा और पूज्य सिंधी पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस ऐतिहासिक आयोजन ने पूरे नगर में गर्व और उत्साह की लहर दौड़ा दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, महामंडलेश्वर महंत स्वामी हंसराम महाराज और मुंबई से आए शहीद कालानी के परिजनों ने प्रतिमा का अनावरण किया। पहली बार शाहपुरा आए शहीद के परिवारजनों कमला कालानी, सुरेश कालानी और नरेश कालानी का नगरवासियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा विशेष अतिथि रहे। तिरंगा थीम से सजे स्थल पर देशभक्ति गीतों की गूंज और लोगों के चेहरों पर गर्व का उजास माहौल को भावुक बना रहा था।

वासुदेव देवनानी ने कहा कि हेमू कालानी ने महज 18 वर्ष की आयु में 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान फांसी का फंदा हंसते-हंसते चूम लिया। उनका साहस युवाओं के लिए सदैव प्रेरणा रहेगा। महामंडलेश्वर हंसराम महाराज ने सिंधी संस्कृति और भाषा के संरक्षण की जरूरत पर बल दिया। विधायक बैरवा ने स्मारक को नगर का गौरव बताते हुए युवाओं से देश और संस्कृति की सेवा का आह्वान किया।

नगर पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी ने बताया कि स्मारक निर्माण पर 11.77 लाख रुपये खर्च हुए और इसे आगे भी विकसित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक मूलचंद पेसवानी ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर हेमू कालानी को औपचारिक रूप से 'शहीद' का दर्जा देने की मांग की।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि और सिंधी समाज के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ।

## गुरला शिव नगर में कोबरा सांप का रेस्क्यू, जंगल में छोड़ा



भीलवाड़ा फोकस @ गुरला

**(बद्रीलाल माली)** — नेशनल हाईवे 758 स्थित गुरला के शिव नगर में प्रकाश चन्द्र शुभम त्रिपाठी के घर पर मंगलवार को कोबरा सांप दिखाई देने से हड़कंप मच गया। सूचना पर रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और सांप को सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। रेस्क्यू टीम के नारायण लाल बैरवा ने बताया कि बारिश में बिलों में पानी भर जाने और उमस के कारण सांप भोजन की तलाश में आबादी क्षेत्र में आ जाते हैं। कोबरा सांप अत्यंत जहरीला होता है, इसमें पाया जाने वाला न्यूरोटॉक्सिन इंसान के लिए घातक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि सांप दिखाई दे तो तुरंत रेस्क्यू टीम को सूचना दें और किसी तंत्र-मंत्र या झाड़-फूंक के बजाय तुरंत अस्पताल जाएं।

# रामदेवनगर में 70 वर्षीय महिला से लूट के मामले में , पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



भीलवाड़ा फोकस @ करोई

थाना पुलिस ने रामदेवनगर भुणास में 70 वर्षीय महिला से चाकू की नोक पर सोने के आभूषण लूटने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से लूट का पूरा सामान बरामद कर लिया है। कार्रवाई थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई । पुलिस ने बताया की बीती 31 जुलाई दोपहर करीब 3 बजे जमनी देवी पत्नी देवकिशन गाड़री अपने नोहरे का फाटक खोल रही थीं। तभी दो नकाबपोश युवक मोटरसाइकिल पर आए और उनमें से एक ने उनकी गर्दन पकड़कर चाकू दिखाया। जिसके बाद आरोपी गले से रामनामी, दो मान्दलिया और चार मोती सहित करीब तीन तोले सोने के आभूषण चाकू से काटकर ले गए और मोटरसाइकिल पर भाग निकले। घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों का पीछा किया, लेकिन वे महेंद्रगढ़ के जंगलों में मोटरसाइकिल छोड़कर फरार हो गए। सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी जांच और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने पूर्व में गंगापुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार दो आरोपियों जाकिर हुसैन पिता कासम अली उम्र 25 साल निवासी नांदसा खालसा , गंगापुर और पप्पुलाल पिता शांतीलाल उम्र 25 साल निवासी नांदसा खालसा , गंगापुर को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ की। पूछताछ में लूट की वारदात का खुलासा हुआ और चोरी गए आभूषण बरामद कर लिए गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## करंट से ठेकाकर्मी की मौत, मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन



भीलवाड़ा फोकस @ करेड़ा

थाना क्षेत्र के गाडरी खेड़ा गांव में मंगलवार सुबह बिजली लाइन ठीक करते समय एक ठेकाकर्मी की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग के कर्मचारियों और दोषियों पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार, देवपुरा निवासी ठेकाकर्मी राजू गाड़री पुत्र मगना गाड़री सुबह शटडाउन लेकर बिजली के पोल पर रिपेयरिंग करने चढ़ा था। इसी बीच किसी ने बिना सूचना दिए लाइन चालू कर दी, जिससे राजू को तेज करंट का झटका लगा। करंट लगने से वह पोल से नीचे गिर गया और गंभीर रूप से झुलसने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। सभी ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना पर थाना पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाइश कि। 5 घंटे की वार्ता के बाद परिजन और ग्रामीण पोस्टमार्टम के लिए माने । घटना के बाद ठेकाकर्मी के परिजनों को भामाशाहो ने आर्थिक सहायता दी और बच्चो की शिक्षा में सहयोग करने का आश्वासन दिया ।

# बिजौलिया में पुलिस का सख्त संदेश: चेन स्नेचिंग आरोपियों की बाजार में परेड



भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

कस्बे में हुई चर्चित चेन स्नेचिंग वारदात के दो आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद मंगलवार को पुलिस ने उन्हें मुख्य बाजार में परेड कराकर शक्ति प्रदर्शन किया। इस कदम का उद्देश्य अपराधियों में भय और आमजन में पुलिस पर विश्वास जगाना था।

थानाधिकारी लोकपाल सिंह ने बताया कि सोमवार को गिरफ्तार छोटा दरवाजा निवासी रवि सोनी और अश्विनी उर्फ काकू वैष्णव को न्यायालय में पेश करने के बाद एक दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया। इसके बाद आधा दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों के साथ आरोपियों को मुख्य बाजार में घुमाया गया और संदेश दिया गया कि कोई भी कानून की पकड़ से बच नहीं सकता।

गौरतलब है कि 2 अगस्त को नगर पालिका चौक पर बाइक सवार युवकों ने बुजुर्ग महिला से राम-राम कहकर चेन लूट ली थी। पुलिस ने वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा है, जबकि मास्टरमाइंड आयुष लक्ष्यकार की तलाश अब भी जारी है।



## QUICK BITES

# सुधा क्रांति मंच के सदस्य श्री सम्मेदशिखर तीर्थ वंदना को रवाना

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया




जैन धर्म के पवित्रतम स्थलों में शुमार झारखंड स्थित श्री सम्मेदशिखर तीर्थ की वंदना के लिए मंगलवार को कस्बे के सुधा क्रांति मंच के सदस्य श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना हुए।

मंच सदस्य पंकज हरसौरा ने बताया कि यात्रा संघ पर्वत वंदना और विधान का आयोजन करेगा। यह तीर्थ जैन दर्शन में 20 तीर्थंकरों की मोक्ष स्थली के रूप में अत्यंत पूजनीय है।

यात्रा संघ में हेमंत ठोला, अविनाश ठग, अंकित ठोला, हरीश ठोला, सत्यप्रकाश ठोला, अभिषेक बगड़ा, पंकज बगड़ा, नवीन लुहाड़िया सहित अनेक सदस्य शामिल रहे ।

# अफीम तस्करी पर काछोला पुलिस की कार्रवाई , दो गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला



थाना पुलिस ने अवैध अफीम तस्करों पर थाना प्रभारी श्रद्धा पचोरी के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए 515 ग्राम अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी श्रद्धा पचोरी ने बताया कि पुलिस अफीम तस्करों पर कार्रवाई रूपपुरा और रूपारेल के बीच जंगल व कच्चे रास्तों में गश्त के दौरान की , जहाँ बिना नंबरी बाइक से आए शंकर पुत्र मोहन भाट और बाबू पुत्र कालू रैगर, निवासी पंडेर पुलिस को देख भागने लगे । जहाँ दोनों को पकड़ जांच की गई इसमें 515 ग्राम अफीम बरामद हुई और तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जाँच शुरू की है । कार्रवाई में कांस्टेबल नितेश कुमार, केशव कुमार और विकास सिंह मीणा की विशेष भूमिका रही।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों पर कलेक्टर का निरीक्षण

## पुलिस लाइन मैदान व कलेक्ट्रेट सभागार में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने मंगलवार को पुलिस लाइन मैदान में 15 अगस्त को आयोजित होने वाले 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने मंच, ध्वजारोहण स्थल, अतिथियों के बैठने की व्यवस्था, सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, माइक-साउंड सिस्टम, पेयजल, पार्किंग, सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन सहित सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

निरीक्षण से पूर्व कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समारोह को गरिमामय एवं भव्य बनाने के लिए सभी तैयारियां समय पर पूरी की जाएं। उन्होंने ध्वजारोहण, परेड दलों की रिहर्सल, मार्चपास्ट, विद्यालयों व संस्थाओं द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुति की प्रभावी तैयारी पर जोर दिया।

कलेक्टर ने पुलिस व होमगार्ड को पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध, प्रवेश व निकास द्वारों पर जांच, समारोह स्थल और आसपास के क्षेत्रों में सफाई, रंगाई-पुताई और सजावट सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही आमंत्रण पत्र वितरण, जलपान व पेयजल की उपलब्धता, यातायात व पार्किंग स्थल का निर्धारण, मार्ग व्यवस्था और मेडिकल सुविधा एवं प्राथमिक उपचार की व्यवस्था समय रहते करने को कहा।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति, एकता और सम्मान का प्रतीक है, इसे पूर्ण अनुशासन, उत्साह और सौहार्द के साथ मनाया जाए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन ओमप्रकाश मेहरा, एडीएम सिटी प्रतिभा देवटिया, एडिशनल एसपी पारस जैन, नगर विकास न्यास सचिव ललित गोयल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# मंदिर में आभूषण चोरी की कोशिश, ग्रामीणों ने पुलिस जीप घेरकर जताया विरोध

भीलवाड़ा फोकस @ हमीरगढ




मंगरोप कस्बे की पहाड़ी पर स्थित चामुंडा माता मंदिर में मंगलवार शाम एक युवक ने आभूषण चोरी की कोशिश की, लेकिन पुजारी की सतर्कता और ग्रामीणों की तत्परता से वह बच नहीं सका। इस दौरान सूचना पर पहुंची पुलिस को ग्रामीणों के आक्रोश का भी सामना करना पड़ा , जहाँ पकड़े गए युवक को ले जाने के दौरान ग्रामीणों ने जीप को घेर लिया और उसके साथी चोरों को भी पकड़ने की मांग करने लगे । हालांकि समझाइश के बाद मामला शांत हो गया ।

पुलिस में बताया है कि शाम करीब 5 बजे मंदिर के पुजारी अपने काम से कमरे में गए थे, तभी एक युवक दर्शन के बहाने अंदर घुसा और माताजी के आभूषण उतारने लगा। इसी दौरान पुजारी ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया और शोर मचाया। लोगों को आते देख आरोपी पहाड़ी की तरफ भागा और जंगल में छिप गया। सूचना पर पुलिस ने सर्च कर युवक को पकड़ लिया।

इसके बाद मंदिर में चोरी की कोशिश की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस से आरोपी को सौंपने और उसके साथियों को भी पकड़ने की मांग की। इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच हल्की नोकझोंक भी हुई। ग्रामीणों का कहना है कि बीती 10 फरवरी को भी इसी मंदिर से लाखों के आभूषण चोरी हुए थे, जिसका अब तक कोई सुराग नहीं लगा है । वही पुलिस ने समझाईश कर मामले को शांत कराया है और आरोपी को हिरासत में लेते हुए जाँच शुरू की है ।

# आकोला क्षेत्र की सड़कें खस्ताहाल, वाहन चालक परेशान

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला



(रमेश चंद्र डाड) — कस्बे सहित क्षेत्र के कई गांवों की सड़कों की हालत बेहद खराब है, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि आकोला से बडलियास की 6 किलोमीटर दूरी तय करने में आधा घंटा लग जाता है।

शाहपुरा-बेंगू सड़क मार्ग, जो राजस्थान और मध्य प्रदेश को जोड़ने वाला सीधा मार्ग है, पर भी गहरे गड्ढे हैं। इस मार्ग पर सिंगोली चारभुजा और कोटड़ी चारभुजा जैसे प्रसिद्ध धार्मिक स्थल स्थित हैं, जहां हर वर्ष हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं।पिछले 25 वर्षों से आकोला-बडलियास मार्ग पर 1 से 2 फीट गहरे गड्ढे बने हुए हैं, लेकिन प्रशासन ने कोई सुधार कार्य नहीं किया। आकोला से होलीरड़ा, गेगा का खेड़ा, सोपुरा, जीवा का खेड़ा, नाहरगढ़, खटवाड़ा, श्रीपुरा, रानीखेड़ा सहित कई मार्गों की स्थिति भी जर्जर है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सड़क मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हुआ, तो आंदोलन किया जाएगा ।

# गुलाबपुरा के वार्ड संख्या 28 में 3 सितंबर को उपचुनाव

## उपखंड अधिकारी गुलाबपुरा रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त, आदर्श आचार संहिता लागू

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यक्रमानुसार नगर पालिका गुलाबपुरा के वार्ड संख्या 28 के लिए आगामी 3 सितंबर को उपचुनाव कराया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू ने आदेश जारी कर उपखंड अधिकारी गुलाबपुरा को रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार हुरड़ा को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही उपचुनाव क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है, जिसके तहत राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि आचार संहिता के उल्लंघन की संभावना वाला कोई कार्य न करें। कार्यक्रमानुसार 19 अगस्त को लोक सूचना जारी होगी, 23 अगस्त तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे, 25 अगस्त को सुबह 10~30 बजे से नामांकन पत्रों की जांच होगी, 27 अगस्त को दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी की जा सकेगी, 28 अगस्त को चुनाव चिन्ह आवंटन होगा, 3 सितंबर को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा तथा 4 सितंबर को सुबह 9 बजे से मतगणना की जाएगी।

# माहेश्वरी समाज की विभिन्न क्षेत्रीय सभाओं ने कजरी तीज पर गोठ व सिंजारा पर्व मनाया

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

श्रीनगर माहेश्वरी सभा की विभिन्न क्षेत्रीय सभाओं ने कजरी तीज व सिंजारा पर्व पर गोठ का आयोजन किया। महिलाओं ने पारंपरिक परिधान पहनकर मेहंदी, सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। बसंत विहार गांधीनगर महिला मंडल ने अध्यक्ष शोभा राठी के नेतृत्व में अंताक्षरी व मेहंदी कार्यक्रम किया। संजय कॉलोनी महिला मंडल ने अध्यक्ष रेनू कोगटा के सानिध्य में पूजा, गीत-नृत्य व सुहाग सामग्री वितरण किया। शास्त्री नगर सभा में 1200 सदस्यों की मौजूदगी में दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। समाज के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में महिलाओं-पुरुषों ने भाग लिया।



# भीलवाड़ा फ़ोकस की खबर का असर, रातों-रात झुका विद्युत पोल हटाया

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ**

**महावीर वैष्णव** — कस्बे के वार्ड नंबर 4 में अज्ञात वाहन के विधुत लाइन के तारों से उलझने के चलते विधुत पोल का निचला हिस्सा टूट गया और झुका विद्युत पोल बड़ा खतरा बन गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।



फोकस में ''अज्ञात वाहन में उलझी सर्विस लाइन विद्युत पोल नीचे से टूटा और झुका'' शीर्षक से खबर प्रकाशित होने के बाद विद्युत विभाग मंगलवार को तुरंत हरकत में आया और रात को ही पोल को हटाकर संभावित हादसे को टाल दिया। हालांकि, कार्रवाई के दौरान दर्जनभर से अधिक मकानों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा। विभाग ने जल्द ही वैकल्पिक व्यवस्था कर आपूर्ति बहाल करने का आश्वासन दिया।

# ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद**

शंभुगढ़ थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 148-डी पर अंटाली के पास मंगलवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार किसान की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक अपने खेत पर काम करने जा रहा था, तभी सामने से आ रहे ट्रेलर ने टक्कर मार दी।

जानकारी के अनुसार खारी का लांबा गुलाबपुरा निवासी प्रेमचंद रैगर (46) सुबह रोजाना की तरह अंटाली गांव के पास स्थित अपने खेत पर जा रहे थे। इसी दौरान शंभुगढ़ की तरफ से आ रहे ट्रेलर से उनकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि प्रेमचंद ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर शंभूगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को एम्बुलेंस से मोर्चुरी भिजवाया। शव का




पोस्टमॉर्टम करा परिजनों को सुपुर्द किया गया है । वही परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जाँच शुरू की है ।

# रक्षाबंधन पर घर आए युवक की तालाब में डूबने से मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

रक्षाबंधन का त्योहार मनाने गांव आए एक युवक की मंगलवार को सूरसागर तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतक जयपुर में मजदूरी करता था और नहाने के दौरान हादसे का शिकार हो गया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर अरनिया घोड़ा ग्राम पंचायत के सरदारपुरा निवासी दलीचंद भील (30) नहाने के लिए तालाब पर गया था। इस दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया। शाम करीब 4 बजे कुछ ग्रामीण नहाने पहुंचे तो तालाब किनारे उसके कपड़े मिले। तलाश करने पर पानी में



उसका शव तैरता हुआ मिला, जिसे ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया।

सूचना पर शाहपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल की मोर्चुरी में रखवाया । पोस्टमॉर्टम बुधवार सुबह किया जाएगा। मृतक दलीचंद के चार बेटियां और दो बेटे हैं।

# गांगलास में अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

**भीलवाड़ा फोकस @ गांगलास**

**शिवराज शर्मा ।** क्षेत्र में दिन में दो से चार घंटे की अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। सबसे अधिक दिक्कत ग्रामीण फीडर से जुड़े गांगलास और ईरास पंचायतों में है, जहां बिना पूर्व सूचना के बार-बार



सप्लाई बाधित हो रही है। कटौती के कारण व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं और पानी की समस्या भी गहरा गई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग रोस्टर के अनुसार सप्लाई नहीं कर रहा और जल्द समस्या समाधान की मांग की।

# भाविप विवेकानंद शाखा में गुरुवंदन-छात्र अभिनंदन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

भारत विकास परिषद, स्वामी विवेकानंद शाखा ने मंगलवार को छठा गुरुवंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम ऋषि श्रृंग उच्च माध्यमिक विद्यालय और ऋषि श्रृंग वेद संस्थान में आयोजित किया।

पहले कार्यक्रम में 14 गुरुजनों और



8 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया, जबकि दूसरे में 3 गुरुजनों व 3 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता रजनीकांत आचार्य ने गुरु-शिष्य संबंध की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों से छात्रों की सफलता में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम के साथ हुआ।

# थालेड़ा में चारागाह और बिलानाम भूमि पर अतिक्रमण, हटाने की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**(दिनेश पारीक)** — गहूंली ग्राम पंचायत के थालेड़ा गांव में सरकारी चारागाह और बिलानाम भूमि पर कच्चे-पक्के अतिक्रमण हो जाने से ग्रामीणों में आक्रोश है। मंगलवार को ग्रामीणों ने कोटड़ी तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर अतिक्रमण हटाने की मांग की।



ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सिंहजी का खेड़ा गांव के कुछ लोगों ने अवैध निर्माण, बाड़बंदी और खेत तैयार कर कब्जा कर लिया है। 17 जुलाई को शिकायत और 11 अगस्त को राजस्व टीम के मौके पर पहुंचने के बावजूद कार्रवाई केवल औपचारिक रही, यहां तक कि नपती भी नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि अतिक्रमी अब स्थायी पक्का निर्माण कर रहे हैं और प्रशासन उन्हें रोक नहीं रहा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## QUICK BITES

# 17-18 अगस्त को होगा जैन संघटना का प्रांतीय अधिवेशन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



भारतीय जैन संघटना का प्रांतीय अधिवेशन 17-18 अगस्त को यश विहार में होगा। अध्यक्ष अनिल कोठारी ने बताया कि 'निश्चय - प्रतिज्ञा से पुरुषार्थ की ओर' थीम पर आयोजित अधिवेशन में राष्ट्रीय व प्रांतीय पदाधिकारी और प्रांतभर से सदस्य शामिल होंगे। तैयारियों को लेकर बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए, जिनमें स्वागत, भोजन, आवास, मंच, निमंत्रण, मेडिकल व ध्वजारोहण सहित कई कमेटियाँ बनाई गईं।

# महिलाओं ने कजरी तीज का व्रत रखकर मांगी परिवार की खुशहाली


**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला**



**(बद्रीलाल माली)** — सुहागिन महिलाओं और कुंवारी कन्याओं ने मंगलवार को कजरी तीज का व्रत रखकर भगवान शिव-पार्वती की पूजा की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। दिनभर उपवास के बाद शाम को हडुतिया बालाजी मंदिर में पूजा-अर्चना हुई। नीम की डाली रोपकर, तालाब बनाकर दीप प्रज्वलित किए गए और तीज कथा सुनी गई। अंत में चंद्र दर्शन कर अर्घ्य अर्पित किया गया और परंपरागत सत्तू व पकवान वितरित किए गए।

# भाजपा जिला कार्यकारिणी में माली समाज को स्थान नहीं, रोष व्याप्त

**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला**



**(बद्रीलाल माली)** — भीलवाड़ा भाजपा की घोषित जिला कार्यकारिणी में माली समाज के किसी भी व्यक्ति को शामिल नहीं करने पर समाज में नाराज़गी फैल गई है। राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के प्रदेश महामंत्री गोपाल लाल माली ने कहा कि 103 पदाधिकारियों वाली कार्यकारिणी में माली समाज की अनदेखी दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि किसान वर्ग से जुड़े इस समाज का भाजपा में हमेशा महत्वपूर्ण योगदान रहा है, फिर भी उसे दरकिनार किया गया है। इस मुद्दे पर राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा भीलवाड़ा के जिला अध्यक्ष भैरूलाल माली, महामंत्री सत्यनारायण माली, युवा जिला अध्यक्ष उदय लाल माली, जिला मंत्री मुरलीधर सैनी और कर्मचारी संस्था के जिला अध्यक्ष तोताराम सांखला सहित कई लोगों ने रोष जताया है ।

# 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत काछोला में पौधारोपण

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला**



लक्ष्मणगढ़ रोड पर मंगलवार को हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सड़क किनारे विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए।

भाजपा नेता संदीप सोनी ने बताया कि इस पहल के तहत एक पेड़ माँ के नाम संकल्प के साथ पौधारोपण किया गया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण का यह प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा और क्षेत्र की हरियाली में वृद्धि करेगा।

इस अवसर पर काछोला थाना प्रभारी श्रद्धा पचोरी, भाजपा नेता संदीप सोनी , माहेश्वरी समाज काछोला के अध्यक्ष भेरू लाल मंत्री राजेश गुर्जर घेवरिया गोलछा ग्रुप खदान प्रबंधक आसकरण अग्रवाल , शिवा गुर्जर घेवरिया , राजू टेलर सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने पौधों की देखभाल का संकल्प लिया और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।